# संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश मध्य प्रदेश

"कचनार" ई 5-पर्यावरण परिसर अरेरा कालोनी, हबीबगंज पुलिस थाना के पास, भोपाल462016-
ई-मेल-mptownplan@mp.gov.in, दूरभाष2427096-0755-

क्रमांक 848 /टीसी/146/इंदौर/उपां/नग्रानि/2022 भोपाल,दिनांक:-14 /02/2023

प्रति,

**प्रबंध संचालक,**
**म.प्र. राज्य परिसम्पत्ति प्रबंधन कंपनी लिमिटेड,**
**भोपाल म.प्र.**

**विषय:-** इंदौर विकास योजना, 2021 में मिश्रित एवं मार्ग भूमि उपयोग में उपांतरण बाबत। (ग्राम गाडराखेड़ी तहसील मल्हारगंज जिला इंदौर वार्ड क्रमांक 09 के खसरा क्रमांक 215/1, 216/1, 217/1/2, 218/2, 219/2 कुल रकबा 8216.00 हेक्टेयर)

संदर्भ-: इस संचालनालय का पत्र क्रमांक 49 दिनांक 03/01/2023 एवं आपके आपके कार्यालय का पत्र पृ. क्र. 1196 दिनांक 11/01/2023

-0-

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि संचालनालय, नगर तथा ग्राम निवेश म.प्र. भोपाल के संदर्भित पत्र के द्वारा प्रेषित इंदौर विकास योजना, 2021 में प्रस्तावित उपांतरण की प्रारंभिक सूचना का प्रकाशन अंग्रेजी समाचार पत्र टाईम् ऑफ इंडिया, इंदौर तथा हिन्दी समाचार पत्र नईदुनिया, इंदौर में दिनांक 07/01/2023 को प्रकाशित हुआ है।

संचालनालय जनसम्पर्क के जी क्रमांक 21324/22 के द्वारा हिन्दी समाचार पत्र नईदुनिया, इंदौर में प्रकाशित प्रारंभिक सूचना में संचालनालय द्वारा दी गई सूचना में विकास योजना में निर्दिष्ट भूमि उपयोग के कॉलम के स.क्र. 3 एवं 4 में त्रुटिपूर्ण सूचना का प्रकाशन होना पाया गया है प्रकाशित सूचना के सरल क्र. 3 एवं 4 में "आवासीय" के स्थान पर "आवासीय एवं मार्ग" का प्रकाशन होना पाया गया है।

अत: लेख है कि पुन: हिन्दी समाचार पत्र नईदुनिया में संलग्न शुद्धि पत्र का प्रकाशन कराने का कष्ट करें।

संलग्न :- यथोपरि

**(मुकेश चन्द गुप्ता)**
वि.क.अ.सह आयुक्त सह संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश
म.प्र. भोपाल

निरंतर.....2

E:\Other Latter.docx

पृ.क्रमांक 849 /टीसी/146/इंदौर/उपां/नग्रानि/2022 भोपाल,दिनांक:- 14/02/2023

प्रतिलिपि:-

1. प्रमुख सचिव, म.प्र. नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. आयुक्त, संचालनालय जनसम्पर्क, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
3. संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला कार्यालय इंदौर की ओर लेख है कि उक्त सूचना के प्रकाशित होने वाले समाचार पत्र की मूल प्रति एवं निर्धारित समय सीमा में प्राप्त आपत्ति/ सुझाव संचालनालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करे।

**वि.क.अ.सह आयुक्त सह संचालक**
नगर तथा ग्राम निवेश
म.प्र. भोपाल

E:\Other Latter.docx

# संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश मध्य प्रदेश

"कचनार" ई 5-पर्यावरण परिसर अरेरा कालोनी, हबीबगंज पुलिस थाना के पास, भोपाल462016-
ई-मेल-mptownplan@mp.gov.in, दूरभाष2427096-0755-

## शुद्धि पत्र

क्रमांक 848 /टीसी/146/इंदौर/उपां/नग्रानि/2022 भोपाल,दिनांक:14 /02/2023

संचालनालय द्वारा मध्य प्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 23 (क) (1) (क) के अन्तर्गत इंदौर विकास योजना, 2021 में उपांतरण हेतु हिन्दी समाचार पत्र "नई दुनिया, इंदौर" में दिनांक 07/01/2023 को प्रकाशित सूचना क्रमांक 49/टीसी/146/इंदौर/उपां/नग्रानि/2022 भोपाल, दिनांक 03/01/2023 में "विकास योजना में निर्दिष्ट भूमि उपयोग" के कॉलम के स.क्र. 3 एवं 4 में "आवासीय एवं मार्ग" के स्थान पर "आवासीय" पढ़ा जावे।

(मुकेश चन्द गुप्ता)
वि.क.अ.सह आयुक्त सह संचालक
नगर तथा ग्राम निवेश
म.प्र. भोपाल

E:\Other Latter.docx